ग्वालियर | शुक्रवार | 19 दिसंबर 2025 | वर्ष 31 | अंक 124 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से

# ‘वीबी जी राम जी’ बिल पास

## लोकसभा में विपक्ष ने किया जबरदस्त हंगामा, सदन में फाड़ी विधेयक की कॉपी

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर. लोकसभा में गुरुवार को ‘विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) बिल 2025’ पास हो गया है. कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया.**

इससे पहले विपक्ष ने सरकार पर महात्मा गांधी का अपमान करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रावधानों को कमजोर करने का आरोप लगाया. विपक्षी सांसदों ने सदन के वेल में हंगामा किया. ग्रामीण रोजगार योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगा. बिल की कॉपियां फाड़ीं और उन्हें स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंका.



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा, मनरेगा में महात्मा गांधी का नाम ‘2009 के चुनावों को ध्यान में रखकर’ जोड़ा गया था. लोकसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम 2009 के चुनावों को ध्यान में रखकर मनरेगा में जोड़ा गया था. सीनियर बीजेपी नेता ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की इस आलोचना का भी जवाब दिया कि मोदी सरकार मनमर्जी से योजनाओं का नाम बदल देती है, और नेहरू-गांधी के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की लिस्ट गिनाई.

**संसद में निकाला था विरोध मार्च :** इससे पहले दिन में, उन्होंने बिल वापस लेने की मांग करते हुए संसद परिसर के अंदर विरोध मार्च निकाला था. कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस कानून को गांधी का अपमान और काम के अधिकार पर हमला बताया, जिसने ग्रामीण भारत में सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाया था. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी ‘वीबी- जी राम जी’ विधेयक लाने के विरोध में विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद केसी वेणुगोपाल, पी चिदंबरम, प्रमोद तिवारी, दिग्विजय सिंह, सैयद नसीर हुसैन, धर्मेंद्र यादव, और शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत समेत कई सांसद मौजूद थे. **(विस्तृत खबर पेज देश-विदेश पर देखें)**

### प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 किया पेश



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 पेश किया और इसे विचार-विमर्श के लिए स्थायी समिति को भेजने का प्रस्ताव किया. प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक, 2025 का उद्देश्य भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अधिनियम 1992, डिपॉजिटरी अधिनियम 1996 और प्रतभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 के प्रावधानों को मिलाकर एक एकीकृत संहिता बनाना है. इसका उद्देश्य निवेशकों के संरक्षण को मजबूत करना और देश के वित्तीय बाजारों में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना भी है.

# 29 लोस क्षेत्रों में होंगे मेडिकल कॉलेज

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पहले मेडिकल कॉलेज शुरू करने में बड़ी परेशानी आती थी, लेकिन अब राज्य सरकार इन कठिनाइयों को दूर करते हुए चिकित्सा सुविधा बढ़ाने का काम लगातार कर रही है.**

संकल्प पत्र अनुसार 29 लोकसभा में मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो जाएंगे. शीघ्र ही प्रदेश के हर जिले में भी मेडिकल कॉलेज होंगे. यह बात मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आरोग्य सेवा संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही. मुख्यमंत्री ने जनजातीय अंचलों में सेवाएं देने वाले डॉ. मुकेश तिलगाम, डॉ. राजेश डाबर, डॉ. महिला डाबर,



सेवा अंकुर के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी, डॉ. हितेश, डॉ. अभय ओहरी को सम्मानित किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय क्षेत्रों में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर्स को आरोग्य किट वितरित की. प्रदेशभर में 8000 से अधिक मेडिकल किट प्रदान की जा रही हैं.

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र चिकित्सा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देने पर मेडिकल स्टूडेंट्स को पीजी करने के लिए 10 प्रतिशत इंसेंटिव मार्क दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें 348 सीएचसी को एफआरयू बनाना है। कार्यक्रम को जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जनजातीय बहुल विकासखंडों के 600 से अधिक चिकित्सक सहित निजी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के 2000 से अधिक चिकित्सा छात्रों ने सहभागिता की.

# ओमान से दोस्ती कभी नहीं बदलेगी : मोदी

- ऑर्डर ऑफ ओमान से पीएम मोदी सम्मानित
- भारत-ओमान में आर्थिक साझेदारी समझौता

**मस्कट 18 दिसंबर (वार्ता) ओमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ‘ऑर्डर ऑफ ओमान’ से सम्मानित किया है. ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने गुरुवार को मस्कट में प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा.**



पीएम मोदी ने कहा कि कितने भी मौसम बदल जाएं लेकिन भारत से उनकी दोस्ती नहीं बदलेगी. उन्होंने राजधानी मस्कट में भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया. उन्होंने प्रवासी भारतीयों की तारीफ करते हुए कहा कि वे जहां भी जाते हैं, वहां की विविधता की तारीफ करते हैं.

इससे पहले पीएम मोदी और सुल्तान अल सईद की मौजूदगी में भारत और ओमान ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर भी किए. प्रधानमंत्री मोदी ने इस समझौते को भारत-ओमान के साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट बताया और कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों में नई ऊर्जा आएगी और परस्पर विकास, नवाचार और रोजगार के अवसर पैदा होंगे. पीएम मोदी दो दिन की यात्रा पर ओमान गए हुए हैं.

## एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के घर इनकम टैक्स की रेड

**मुंबई , 18 दिसंबर.** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के आवास पर आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को छापेमारी की. यह कार्रवाई उनके बैस्टियन रेस्टोरेंट से संबंधित वित्तीय लेन-देन और कथित टैक्स अनियमितताओं की जांच के तहत की जा रही है. सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग की अलग-अलग टीमें सुबह से ही शिल्पा के घर और उनसे जुड़े ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच कर रही हैं. इसी मामले में मुंबई के अलावा बेंगलुरु में भी रेड की गई है, जहां रेस्टोरेंट और उससे जुड़ी कंपनियों के वित्तीय रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं.

# निकाय चुनाव : पंजाब में ‘आप’ की आंधी

**422** सीटें आप ने जीतीं

**116** सीटें कांग्रेस ने जीतीं

**64** सीटें शिरोमणि अकाली दल ने जीतीं

**चंडीगढ़, , 18 दिसंबर. पंजाब में जिला परिषद, पंचायत और ब्लॉक समितियों के लिए हुई वोटिंग के बाद बुधवार को मतगणना हुई. वोटों की गिनती राज्य भर में 141 जगहों पर 154 केंद्रों पर शुरू हुई.**



जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी ने बढ़त बनाई. 675 ब्लॉक समिति ज़ोनों में से आप ने 422, कांग्रेस ने 116 और शिरोमणि अकाली दल ने 64 सीटें जीतीं.

आप के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने नतीजों को पार्टी के पक्ष में एकतरफा बताया, जबकि कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने प्रशासन पर आप के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया. बता दें कि करीब 14 महीने बाद पंजाब विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए स्थानीय निकाय चुनाव तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल में हुए.इन चुनावों को अहम माना जा रहा है, क्योंकि पार्टियां अपने-अपने चुनाव चिन्हों पर फाइट कर रही हैं और अगले विधानसभा चुनाव से पहले माहौल बनाने के लिए उत्सुक हैं.

# महाराष्ट्र के मंत्री कोकाटे का इस्तीफा

**मुंबई, 18 दिसंबर.** महाराष्ट्र के खेल मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे ने अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है. बता दें कोकाटे और उनके भाई विजय कोकाटे को 1995 के एक मामले में दोषी ठहराया गया था, जो एक हाउसिंग स्कीम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए तय 10 प्रतिशत कोटे के कथित दुरुपयोग से जुड़ा था. भाइयों को धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई अपराधों का दोषी पाया गया. अब कोकट के इस्तीफे के बाद सत्ताधारी महायुति गठबंधन में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार पर दबाव बढ़ गया. इससे पहले सेशन



कोर्ट ने मजिस्ट्रेट की ओर से सुनाई गई सजा को बरकरार रखा. चुनाव कानून के तहत, दो साल या उससे ज्यादा की सजा होने पर तुरंत अयोग्य घोषित कर दिया जाता है, जब तक कि किसी ऊपरी अदालत द्वारा इस पर रोक न लगा दी जाए.कोर्ट के फैसले के बाद मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया. इसके बाद उनके वकील ने अर्जेंट सुनवाई के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया. कोर्ट ने कहा कि वह शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई करेगा.


VIT®

Vellore Institute of Technology

(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

सही दिशा में पहला कदम, बेहतरीन करियर की ओर

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS

SUSTAINABILITY | 2026

| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| 7 | 352 | वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT) | 74.9 |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |


Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about VITEEE 2026 scan the QR code



www.vit.ac.in vellore-institute-of-technology vituniversity VIT_univ Vellore Institute of Technology vellore_vit


# मुठभेड़ में महिला सहित तीन इनामी माओवादी ढेर




- मृतकों में एक महिला माओवादी भी है शामिल
- भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**सुकमा, 18 दिसंबर. जिले के गोंदीगुड़ा के जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन माओवादी मारे गए.**

मारे गए सभी माओवादी कोंटा-किस्टाराम एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य हैं और इन पर कुल 12 लाख रुपये का इनाम घोषित था. सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद मौके से हथियार, विस्फोटक और नक्सली सामग्री की बड़ी खेप बरामद की है. सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई को सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है. पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में मारे गए दो पुरुष माओवादी एरिया कमेटी सदस्य थे, जिन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि एक महिला माओवादीएलओएस सदस्य थी, जिस पर दो लाख रुपये का इनाम था. मारे गए माओवादियों के नाम माड़वी जोगा उर्फ मुन्ना, निवासी जिला नारायणपुर एसीएम कोंटा एरिया कमेटी, सोढ़ी बंडी सिंघनमड़गू निवासी एसीएम किस्टाराम एरिया कमेटी तथा नुप्पों बजनी, निवासी टेकलगुड़ा जगरगुंडा, एलओस सदस्य किस्टाराम एरिया कमेटी है.

> मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने 9 एमएम सर्विस पिस्टल, 12 बोर भरमार बंदूक, बीजीएल सेल, टिफिन बम सहित भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और नक्सली सामग्री बरामद की है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार गोंदीगुड़ा क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर डीआरजी टीम ने तलाश अभियान शुरू किया था.


For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Ex. showroom Price of ₹6 84 900 lakh, Consumer Offer (-) ₹15 000, Exchange Bonus (-) ₹10 000 = ₹6 59 900 lakh*. Benefits upto ₹65 000 applicable on Fronx Turbo Variants. Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. *Above shown offer includes Velocity Kit. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stock lasts. *All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Creative Visualization. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual. ^3 years or 100 000 km whichever is earlier. Claim verified by independent research agency JATO DYNAMICS limited date 17-November-2025 for fastest to 4 lakh Sales in the Industry since launch. Price shown is of FRONX Sigma Variant.